दिन– शनिवार दिनांक– 16 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की घोषणा। मुजफ्फरपुर और किशनगंज में जल्द शुरू होगी सीमेंट फैक्ट्री।

02 राज्य में विशेष अभियान चलाकार भूमि सर्वे के लम्बित मामलों का निपटारा किया जायेगा। विभागीय बैठक में लिया गया फैसला।

03. सीबीआई ने नीट–यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में पुणे में पदस्थापित प्राध्यापक मनीषा गुरूनाथ मंधारे को किया गिरफ्तार।

04. और, ईओयू ने आय से अधिक सम्पत्ति मामले में झाझा में पदस्थापित ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता गोपाल कुमार के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की।

————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि मुजफ्फरपुर और किशनगंज जिले में दो सीमेंट इकाईयां लगायी जाने को स्वीकृति दी गयी है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी देते हुये कहा कि बिहार में औद्योगिक निवेश का नया अध्याय शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड, एसआईपीबी की सड़सठवीं बैठक में सीमेंट की दो बड़ी फैक्ट्री स्थापित किये जाने को मंजूरी दी गयी है।

————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य में विशेष अभियान चलाकर भूमि सर्वे के लम्बित कार्यों का निष्पादन किया जायेगा। पटना में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान श्री चौधरी ने अधिकारियों को भूमि परिमार्जन और सर्वे का काम समय सीमा के भीतर तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये हैं। बैठक के बाद विभागीय मंत्री दिलीप जायसवाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि भूमि विवाद एक गम्भीर समस्या है। उन्होंन बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार आवश्यकता पड़ने पर सर्वे कार्य में अतिरिक्त अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती की जायेगी।

———साउंड बाईट———

————————————————————————

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने किसानों, उद्यमियों और युवाओं से कृषि अवसंरचना कोष, एआईएफ से जुड़कर अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। पटना में विभागीय बैठक के दौरान केन्द्र की इस योजना की समीक्षा की गयी। श्री

सिन्हा ने कहा कि इसका उद्देश्य राज्यों में कृषि अवसंरचना में सुधार के लिए मध्यम और दीर्घकालीक ऋण सुविधा उपलब्ध कराना है। कृषि मंत्री ने बताया कि राज्य में इस योजना के तहत नवम्बर दो हजार पच्चीस तक दो हजार पैंतालीस परियोजनाएं स्वीकृत की गयी हैं। इनमें सबसे अधिक आठ सौ चौंतीस भण्डारण क्षमता बढ़ाने के लिए गोदाम परियोजनाएं शामिल हैं।

———————————————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों को पूरी गम्भीरता से आगे बढ़ा रही है। शेखपुरा में संवाददाताओं को संबोधित करते हुये श्री कुमार कहा कि राज्य सरकार आम जनता की अपेक्षाओं पूरा करने के लिए पूरे मन से कार्य रही है।

———साउंड बाईट———

———————————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा ने विपक्ष पर युद्ध जनित स्थितियों को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये श्री कुशवाहा ने कहा कि दुनियाभर में घटनाक्रम के कारण तेल के दाम बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं है। श्री कुशवाहा ने कहा कि विपक्ष को अनर्गल बातें न कर एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी चाहिए।

———साउंड बाईट———

———————————————————————————

प्रदेश के जनजातीय बहुल गांवों में अठारह मई से पच्चीस मई तक जनभागीदारी अभियान सबसे दूर सबसे पहले का आयोजन किया जायेगा। केन्द्रीय अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की इस योजना में इन गांवों में शिविर लगाकर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से आवेदन लिया जायेगा और उन्हें सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। हमारे सुपौल संवाददाता ने बताया कि जिले के किशनगंज, त्रिवेणीगंज और वसंतपुर प्रखंड के चयनित गांवों में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

———————————————————————————

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, सीबीआई ने नीट—यूजी पेपर लीक मामले में पुणे में कार्यरत जन्तु विज्ञान विषय की प्रध्यापक मनीषा गुरूनाथ मंधारे को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इस मामले में यह नौवीं गिरफ्तारी है। आरोपी प्रध्यापक ने परीक्षा में सम्भावित प्रश्नों को विशेष कोचिंग कक्षाओं में छात्रों को लिखवाया था। उनमें से अधिकांश सवाल

तीन मई को आयोजित परीक्षा में पूछे गये थे। इस मामले में अब तक दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे और अहिल्यानगर से नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इधर, सीबीआई ने देशभर में छह स्थानों पर तलाशी अभियान चलाकर कई आपत्तिजनक दस्तावेज, लैपटॉप, मोबाईल फोन और बैंक पासबुक भी जब्त किये हैं। जब्त सामग्रियों की जांच की जा रही है।

———————————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई ने आज जमुई के झाझा में पदस्थापित ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता गोपाल कुमार के पटना और जमुई स्थित चार ठिकानों पर छापेमारी की। ये छापेमारी आय से अधिक सम्पत्ति मामले में की गयी है। जानकारी के अनुसार तलाशी के दौरान आय के ज्ञात स्रोतों से लगभग दो करोड़ अधिक की सम्पत्ति का खुलासा हुआ है। छापेमारी के दौरान नकद समेत निवेश के कागजात बरामद किये हैं।

———————————————————————————

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि उसे आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ गतिविधियां चलाना बंद करना होगा। श्री द्विवेदी ने नई दिल्ली में सेना संवाद कार्यक्रम में आतंकवाद के खिलाफ भारत की सख्त नीति को सामने रखते हुये यह बात कहीं।

———साउंड बाईट———

अगर आपने मुझे पहले सुना है तो मैंने यही कहा था कि अगर पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियाँ जारी रखता है तो उसे यह खुद तय करना होगा कि वह भूगोल का हिस्सा बना रहना चाहता है या इतिहास का या किसी का भी नहीं।

———————————————————————————

राष्ट्रीय डेंगू दिवस के असवर पर आज देश और प्रदेश में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने नागरिकों से डेंगू की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण बनाए रखने का आह्वान किया है। श्री नड्डा ने सोशल मीडिया संदेश में लोगों से सरकार के डेंगू नियंत्रण प्रयासों में बढ़चढ़ कर सहयोग की अपील भी की। इधर, जहानाबाद, शेखपुरा और मुंगेर समेत विभिन्न जिला मुख्यालयों में जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली में बड़ी संख्या में अस्पताल कर्मी और विभिन्न संस्थाओं के स्वयंसेवी शमिल हुये।

———————————————————————————

केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा प्रखंड स्थित लक्ष्मीपुर गांव में आज जीविका भवन का उद्‍घाटन किया। यह भवन भारत

सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन तथा पंचायती राज मंत्रालय के तत्वावधान में बना है। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, भवन निर्माण मंत्री लेसी सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

———————————————————————————

बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती परिसंचरण का क्षेत्र बनने और वातावरण में नमी के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में प्री—मॉनसून की स्थितियां बनी हुई हैं। मौसम विभाग ने आज पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद समेत प्रदेश के उत्तर—पश्चिम और दक्षिण—पश्चिम भागों में अधिकतर स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और बारिश की आशंका जतायी है। इस दौरान पचास से साठ किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तारसे धूलभरी आंधी चलने की भी सम्भावना है।

———साउंड बाईट———

———————————————————————————

और अब, एक महत्वपूर्ण सूचना—

———प्रोमा—25 सें

———————————————————————————

प्रदेश में आज वट सावित्री पूजा पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जा रही है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य के लिए वट वृक्ष की पूजा करती हैं और सत्यवान सावित्री की कथा सुनती हैं। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि सुबह से ही महिलाएं वट वृक्ष के पास पूजा—अर्चना कर रही हैं।

———————————————————————————

योजना और विकास मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश में कानून और सुशासन का राज है। श्री कुशवाहा रोहतास के शिवसागर में बुद्ध पूजन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के खड़गपुर प्रखंड अन्तर्गत प्रसंडोबासा बहियार में हाईटेंशन बिजली के तार की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गयी।

———————————————————————————

किशनगंज जिले के पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने गर्वनडंगा थाना में पदस्थापित दारोगा को निलंबित कर दिया है। साथ ही एक जवान को लाईन हाजिर कर दिया है। दोनों पर एक महिला की हत्या मामले की जांच के दौरान एक व्यक्ति से

मारपीट का आरोप है। कथित मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद यह कार्रवाई की गयी है।

———————————————————————

शेखपुरा पुलिस ने सात मई को कसार थाना क्षेत्र के वरसा गांव में एक पांच वर्षीय बच्चे की अपहरण के बाद हत्या के मामले में चार साईबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक बलिराम कुमार चौधरी ने बताया कि फरार अन्य तीन अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

———————————————————————

नालंदा के राजगीर में कल से मलमास मेले का आयोजन किया जायेगा। पर्यटन विभाग के विशेष सचिव सह निदेशक उदयन मिश्रा ने बताया कि कल ध्वजारोहण, देवी–देवताओं के आवाह्न और पूजन के साथ मेले का शुभारंभ होगा। उन्होंने बताया कि सत्ताईस मई को प्रथम शाही स्नान, इकतीस मई को द्वितीय जबकि ग्यारह जून को तृतीय शाही स्नान का आयोजन किया जायेगा। मेले की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया है कि मुंगेर के हवेली खड़गपुर प्रखंड के ऋषि कुंड में एक माह तक चलने वाला मलमास मेला आज से शुरू हो गया। जमालपुर के विधायक नचिकेता मंडल ने इसका उद्घाटन किया।

———————————————————————

विश्व उच्य रक्तचाप दिवस के अवसर पर कल कार्डियोलॉजिकल सोसाईटी ऑफ इंडिया की बिहार इकाई की ओर से पटना में जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा। सोसाईटी के अध्यक्ष डॉक्टर संजीव कुमार बताया कि इन शिविरों में लोगों को उच्च रक्तचाप से निपटने की सलाह दी जायेगी।

———————————————————————

औरंगाबाद जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति– दिशा ने जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में अनियमितता बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का निर्णय किया है। सांसद अभय कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय के योजना भवन में आयोजित बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में केन्द्र और राज्य सरकार के योजनाओं की समीक्षा भी की गयी।

———————————————————————

मधुबनी जिले के नगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत नोनिया टोला से पुलिस ने एक महिला को भारी मात्रा में गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की घोषणा। मुजफ्फरपुर और किशनगंज में जल्द शुरू होगी सीमेंट फैक्ट्री।

02 राज्य में विशेष अभियान चलाकार भूमि सर्वे के लम्बित मामलों का निपटारा किया जायेगा। विभागीय बैठक में लिया गया फैसला।

03. सीबीआई ने नीट–यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में पुणे में पदस्थापित प्राध्यापक मनीषा गुरूनाथ मंधारे को किया गिरफ्तार।

04. और, ईओयू ने आय से अधिक सम्पत्ति मामले में झाझा में पदस्थापित ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता गोपाल कुमार के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।